1. Plantation drive

हरिभूमि

रायपुर - धमतरी भूमि

29 Nov 2022

अभिवर्धन कार्यक्रम : कॉलेज में रोपे गए 50 से अधिक पाम वृक्ष

- दानदाताओं ने संसाधन दिए, अब संरक्षण की जिम्मेदारी विद्यार्थियों की : नीलम चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरूद

संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में अभिवर्धन कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. ओपी चंद्राकर के मार्गदर्शन में किया गया। महाविद्यालय परिसर में 50 से भी अधिक पाम वृक्ष लगाये गए। नगर के प्रमुख जनप्रतिनिधियों, व्यवसायियों एवं उद्योगपतियों द्वारा वृक्ष, वाटर कूलर, सीमेंट पोल एवं फेंसिंग तार, कम्प्यूटर सिस्टम आदि दान किया गया।

इस दौरान कुरुद मंडी अध्यक्ष नीलम चंद्राकर ने कहा कि महाविद्यालय के विकास के लिए सभी को आगे आना होगा। दानदाताओं ने संसाधन दिया, अब संरक्षण का काम विद्यार्थियों का है। आप सब इन वृक्षों को सहेजकर संरक्षित करते हुए महाविद्यालय को देश के सबसे अच्छे महाविद्यालय में से एक बनाए। उन्होंने सभी दानदाताओं का आभार जताया। जनभागीदारी अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने विद्यार्थियों को पेड़-पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी देते हुए दानदाताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आप सबका सहयोग आगे भी मिलता रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर ने कहा कि महाविद्यालय के विकास के लिए हम सब मिलकर कार्य करते रहेंगे। मौके पर हरीश केला, सुदामा साहू, शैलेष चंद्राकर, रमेश केला, दीनबंधु चंद्राकर, कुलदीप गुरुपंच, प्रभात शादीजा, लेखराज चंद्राकर, डुमेश साहू, वैभव चंद्राकर, रिजवान रिजवी आदि उपस्थित थे।

2. Vermicompost Training

हरिभूमि

रायपुर - धमतरी भूमि

23 Nov 2022

छात्रों को दिया जैविक खाद निर्माण का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

■ प्रशिक्षण कार्यक्रम में 120 छात्र हुए शामिल

संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में वनस्पति शास्त्र एवं प्राणी शास्त्र विभाग के संयुक्त आयोजन में विभागाध्यक्ष वनस्पति शास्त्र श्रीमती शीबा वंजारी तथा सहायक प्राध्यापक डा. विक्रम सिंह, विभागाध्यक्ष प्राणी शास्त्र हितनारायण टंडन व सहायक प्राध्यापक चित्रमणी श्रीमाली के नेतृत्व तथा प्राचार्य डा. ओपी चंद्राकर के मार्गदर्शन में छात्रों को वर्मी कम्पोस्ट जैविक खाद निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के साथ-साथ महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग में वर्मी कम्पोस्ट इकाई का निर्माण भी किया गया।

कृषि विभाग के विशेषज्ञ देवेन्द्र मंडावी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी क्षेत्र सिरसिदा व जितेंद्र सोनकर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी क्षेत्र जीजामगांव ने केंचुआ खाद निर्माण के सभी सैद्धांतिक तथ्यों को विस्तार से समझाते हुए सभी प्रक्रिया में छात्रों को शामिल किया। छात्रों ने परिसर में स्थित ईंट और बाजार से ख़रीदी पालीथिन शीट से 10 गुणा 4 फीट का टैंक तैयार किया। विशेषज्ञों के निर्देशानुसार पहले हरा चारा के रूप में डलबर्गिया और अन्य वनस्पति के पत्तों का लेयर बनाया। फिर कुछ दिनों पहले से रखे नम गोबर का लेयर डाला, उसके ऊपर सूखा चारा धान का कोमल पैरा डाला जिसके ऊपर ताजा गोबर का घोल डाला गया। इसी क्रम में गोबर, पत्ते आदि का तीन स्तर डालकर ऊपर से जूट के बोरे से ढंक दिया गया। अब 5 से 7 दिनों बाद पुनः विशेषज्ञों की उपस्थिति में टैंक का निरीक्षण कर वर्म छोड़े जाएंगे। प्रशिक्षण में प्राणीशास्त्र और वनस्पति शास्त्र विभाग के लगभग 120 छात्र शामिल रहे। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में लैब टेक्नीशियन ज्योति केशरी और प्रयोगशाला सहायक रिखीराम साहू का सहयोग रहा।

गुप्त रोगी संपर्क करें

पुरूष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले वीर्य स्खलित हो जाना, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना।

- विशेष इलाज -

वात रोग, बवासीर, पथरी रोग, पेट में गैस, कब्ज आदि रोगों का आयुर्वेदिक द्वारा ईलाज। संपर्क करें

संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना

अंबेडकर चौक, बस्तर रोड, सोरिद पुल, मछली पसरा के सामने, धमतरी मो.91744-66336

3. Biodiversity Lab

4. Botanical Garden Development



5. Cleanness Drive